Title: Need for construction of bridges on rivers in Balaghat district of Madhya Pradesh under Pradhan Mantri Gram Sarak Yojana.

14.47 hrs.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : मध्य प्रदेश का बालाघाट जिला सिंचाई एवम् वन की दृटि से अव्वल स्थान रखता है। जहां सोन, बंजर बाउन थड़ी, वेनगंगा जैसी प्रमुख नदियां बहती हैं, वहीं दूसरी ओर यह जिला नक्सलवादी गतिविधियों से प्रभावित है। नदियों और नालों के कारण पुलों की कमी से आवागमन वार्काल में अ वरूद्ध रहता है। अतः प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की मूल भावना के अनुरूप सतत सम्पर्क स्थापित करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर इन नदियों तथा पहाड़ी नालों पर पुलों की आवश्यकता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, बालाघाट की कार्य योजना को स्वतः सुनिश्चित करे ताकि इस जिले की जनता को उचित न्याय मिल सके।